Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजिटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 21-10-2021 | अंक 33

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



# कॉलेज की जमीन बचाने को लेकर बरही इंटर कॉलेज कर्मियों एवं दानकर्ता रैयत एसडीओ से मिले, जांच व मापी की मांग की

## आरोपः फर्जी कागजात बनाकर जमीन हड़पने की हो रही है साजिश, नही हो रही है कागजात की जांच

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



एसडीओ को ज्ञापन सौंपने जाते कॉलेज कर्मी व रैयत

बरही इंटर कॉलेज के शिक्षक एव शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कॉलेज स्थापना के लिए दान देने वाले रैयतों के साथ गुरुवार को एसडीओ पूनम कुजूर से मिले और अपनी कॉलेज की जमीन भू माफ़ियाओं से बचाने की गुहार लगाई। बरही इंटर कॉलेज के सचिव मुरारी गोप एव दानदाता रैयत दयानंद चौरसिया ने एसडीओ को बताया कि बरही इंटर क०लेज की स्थापना हेतु सात एकड़ जमीन की आवश्यकता थी, जिसके लिए महेश चौरसिया, दिनेश्वर चौरसिया, रामचंद्र चौरसिया, मुरारी गोप,महादेव गुप्ता आदि ने अपनी अपनी जमीन का कुछ–कुछ भाग बरही इंटर कॉलेज के लिए बजाप्ते रजिस्ट्री महामहिम राज्यपाल के नाम से 1987 मे अभिलेख खोलकर अंचल निरीक्षक, अंचला. धिकारी, भूमिसुधार उपसमाहर्ता एवं उपायुक्त महोदय की अनुशंसा के पश्चात रजिस्ट्री किया। शेष भूमि भू रैयतों के नाम से वर्तमान में भी कायम है। कहा कि कुछ भू माफियाओं ने सर्वे के दौरान सन् 2000 ई. में फर्जी भूदान का कागज बनाकर अवैध तरीके से जमाबंदी करा कर इंटर कॉलेज की जमीन एवं दान से बचे भू रैयतों की जमीन पर अपना दावा पेश करने लगे। आश्चर्य की बात है की 1958 का भूदान का पर्चा दिखाकर सन 2000 ईस्वी में 42 वर्षो के बाद बिना भौतिक सत्यापन किए, बिना अभिलेख खोलें, बिना कागजात की जांच किए फर्जी तरीके से जमाबंदी अंचल कार्यालय द्वारा कर दी गई। मामला बढ़ते बढ़ते भूमि सुधार उप समाहर्ता न्यायालय में पहुंची। भूमि उप समाहर्ता न्यायालय द्वारा भी सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए भू माफियाओं के पक्ष को बल देने का प्रयास किया गया।किंतु अंत में भूमि सुधार उप समाहर्ता न्यायालय द्वारा जारी आदेश में वाद संख्या 42/ 14–15 एवं वाद संख्या 39।/14– 15 के आलोक में वर्णन किया गया है कि लंबे समय से चले आ रहे जमाबंदी को रद्द करने की अधिकारिता अधोहस्ताक्षरी न्यायालय को नहीं है, साथ ही प्रश्न गत भूमि पर अंचल अमीन द्वारा पाया गया कि प्लॉट संख्या 1467 का नक्शा एवं खतियान रकवा 30.30 एकड़ है जबकि रैयतों के पास रखवा 40 एकड़ भूमि का कागजात जमा किया गया है, इससे स्पष्ट है कि रकवा से अधिक जमाबंदी कायम की गई है। दयानंद चौरसिया ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने अंत मे आदेश देते हुए लिखा है कि उपरोक्त परिपेक्ष में अंचलाधिकारी बरही को आदेश दिया जाता है कि मौजा कोनरा,खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 1467 से संबंधित सभी जमा बन्दियों के रैयतों से कागजात की मांग कर जांचोपरांत जमाबंदियों के संबंध में जमाबंदी रद्दी करण/ नियमितीकरण संबंधी अभिलेख खोलकर नियमानुकूल प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। यह आदेश 2 वर्ष पूर्व ही 2019 में दिया गया था, परंतु आज तक किसी भी भू रैयतों या इंटर कॉलेज से न तो कागजात की मांग कर जांच की गई और ना ही भौतिक सत्यापन किया गया। भू माफियाओं के पक्ष में अंदर ही अंदर साजिश रच कर उनके पक्ष में फैसला देने का प्रयास किया जा रहा है, जो न्यायोचित नही है। इस मामले में भू रैयतों एवं बरही इंटर कॉलेज के कर्मियों ने भूमि सुधार उप समाहर्ता सह अनुमंडल पदा. धिकारी के समक्ष अपनी समस्या को रखा और जांच कराने की मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया की अभी किसी प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इसकी गहन छानबीन एवं सभी रैयतों एवं इंटर कॉलेज के दस्तावेजों की छानबीन और भौतिक सत्यापन के पश्चात ही आदेश पारित किया जाएगा।

**अपेम लाइव न्यूज**

**संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत**

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कटकमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा, केरेडारी

**जिला : चतरा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग, गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941
Email: liveapem@gmail.com (for Resume)

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दया बहन कुमकुम ने की रोगी की मदद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

प्रखण्ड क्षेत्र में दया बहन के नाम से मशहूर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता (महिला मोर्चा) जीप सदस्य कुमकुम देवी अपने नीत क्रियाकलापो से लोगो का ध्यान खिंच लेती है चाहे अस्पताल का मामला हो या फिर अन्य समस्यों का एक पैर पर 24 घण्टे तैयार रहती है वैसे तो इनके परोपकार के दर्जनों उदाहरण है पर बीते दिन प्रखंड के झुरझुरी पंचायत के गगटीहाई की उमा देवी पेट दर्द से परेशान थी उनके पित्ताशय ग०लब्लेडर में बड़ा स्टोन हो गया था उनके परिजनों ने कुमकुम को फोन किया कल ही पीड़ित उमा देवी को बुलाकर और कल शाम को ही उनका आयुष्मान कार्ड बनवाकर आरोग्यम अस्पताल में सर्जरी करवाई । कुमकुम देवी ने कहा कि बरकट्ठा हमारा इलाज के



रोगी से मुलाकात करतीं दया बहन कुमकुम

मामले में काफी पिछड़ा है हमसे यथासम्भव जो भी बन पड़ता है जरती हूँ वही उन्होंने कहा कपका दलित बस्तियों की स्थिति अत्यंत खराब है चाहे सड़क का मामला हो नली गली का मामला हो पीएम आवास का मामला हो या कल्याणकारी पेंशन का मामला हो यह समाज वंचित शोषित है आनेवाले दिनों में इस विषय पर उच्च अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण का प्रयास करूंगी ।

## दिव्यांगता को अभिशाप नहीं, वरदान माने : बीईईओ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

प्रखंड के प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के जांच को लेकर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, चिकित्सक डा. फिदाउला,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक लक्ष्मण दांगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का संचालन प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौबे के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार चौधरी ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा दिव्यांग को अभिशाप कतई नहीं माने। उसे ईश्वर का वरदान समझें। उन्होंने अभिभावकों से वैसे बच्चों से समान व्यवहार करने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने




शिविर का उद्घाटन करते बीईईओ

की अपील किया। उन्होंने कहा दिव्यांग बच्चे आज हर क्षेत्र में बेहतर कर रहे हैं। जरूरत है सिर्फ और सिर्फ इन्हें संवारने की। आज हर क्षेत्र में ऐसे बच्चे सफलता के परचम लहरा रहे हैं। शिविर में 3 से 18 आयु वर्ग के 55 दिव्यांग बच्चों को जांच की गई। जिसमें श्रवण, दृष्टि के साथ-साथ शारीरिक दिव्यांगता की जांच किया गया। जांच करने आए चिकित्सकों में दीप्ति रंजन, व किशन कुमार शामिल थे। मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय चलकुशा के प्रधानाध्यापक मो. नौशाद चौबे के संतोष कुमार चौधरी,सूदन के महेंद्र राम,जमसोति के संतोष कुमार, रिसोर्स शिक्षक मनीष कुमार मिश्रा व अमित कुमार सहित थे।

## मयूरहंड ने चीलोडीह को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा, विजेता एवं उप विजेता टीम पुरस्कृत

### ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभा का विकास प्राथमिकताः रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

समेकित विकास क्लब गोरिया करमा के द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गोरिया करमा आयोजित में फुटब०ल लीग मैच मयूरहंड एवं चीलोडीह के बीच खेला गया । इसमे म्यूरहड में चीलोडीह को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि जीप उम्मीदवार बिमला देवी के पति समाजसेवी रामचंद्र यादव , बिनोद यादव, अब्दुल मनान वारसी, महेद यादव एवं नागेश्वर यादव ने विजेता टीम मयूरहंड एवं उपविजेता टीम चीलोडीह कोडरमा को ट्र०फी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर जिला परिषद मध्य भाग के उम्मीदवार बिमला देवी के पति समाजसेवी रामचंद्र यादव ने कहा कि गांव में खेल प्रतिभा की कोई कमी



विजेता टीम को पुरस्कृत करते रामचन्द्र यादव

नही है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभा के विकास के लिए संकल्पित हैं। इस फुटब०ल टूर्नामेंट को सफल बनाने में संयोजक तुलसीदास, कप्तान बंटी पांडेय, उप कप्तान नितेश दास, मनोज दास, राहुल यादव, राकेश दास, रामचंद्र विश्वकर्मा, सकलदेव पांडेय, विजय कुशवाहा, बीरेंद्र यादव, राजेन्द्र यादव , प्रेम कुमार दास, विकास यादव, विकास दास आदि ने सहयोग किया

## भोंडो चौक के अनुराग वस्त्रालय में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भोंडो चौक के अनुराग वस्त्रालय में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। मिली जानकारी अनुसार भोंडो चौक स्थित स्कूल के समीप महेश साव के कपड़ा दुकान में बीती रात्रि सुबह करीब चार बजे बिजली के शार्ट सर्किट से दुकान में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते दुकान के अंदर रखे सामान जलकर राख हो गया। इस बीच ग्रामीणों ने आग बुझाने का कोशिश किया। लेकिन वो आग पर काबू नहीं कर पाए। बाद में इसकी सूचना चंदवारा थाना व अग्निशमन विभाग को दिया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया गया। घटना में लगभग दस लाख रुपये की क्षति होने की संभावना बताई जा रही है।




आग बुझाते दमकल कर्मी व अन्य

## 40 लाख की लागत से होगा काली मंदिर का नव निर्माण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा बाजार टांड़ स्थित श्री काली मंदिर के जीर्ण शीर्ण अवस्था को देखते हुए बरकट्ठा के ग्रामवासियों की आपात बैठक काली मंदिर परिसर में की गई जिसकी अध्यक्षता इंद्रजीत प्रसाद ने की संचालन मुखिया बसन्त साव ने किया सबो ने एकमत से मन्दिर के पुनर्निर्माण की जोरदार चर्चा की जिसमे आम सहमति के आधार पर श्री काली मंदिर निर्माण समिति बनाई जिनमे अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सोनी, सचिव इंद्रजीत प्रसाद व कोषाध्यक्ष सुनील कुमार को मनोनीत किया गया बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि समिति के नाम से एक बैंक खाता का संचालन होगा जिसमें सभी सहयोग राशि को जमा किया जायेगा जिससे निर्माण कार्य मे पारदर्शी रहे। मन्दिर निर्माण में अनुमानतः खर्च 40 लाख रुपए जो आपसी सहयोग व दान से एकत्र किया जाएगा मौके पर लगभग 4 लाख रुपयों का आपसी सहयोग राशि भी जमा हुई जिससे मन्दिर का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा वही काली पूजा को देखते हुए पिछले वर्ष की पूजा समिति के बेहतर कार्य के कारण पुनः उन्हें एक मौका और दिया गया जिनमे अध्यक्ष मोनू मंडल, सचिव मुकेश मंडल कोषाध्यक्ष बिट्टू मोदी को मनोनीत किया गया मौके पर उपस्थित लोग इंद्रजीत प्रसाद, सुनील कुमार बीरेंद्र कुमार



काली मंदिर जिसका पुर्ननिर्माण होगा



बैठक मे उपस्थित लोग

सोनी, मुखिया बसन्त साव,पीताम्बर नायक कमलेश गुप्ता,महेश मंडल महेंद्र मंडल, कालीचरण मंडल, संजय कुमार, बीरेंद्र कुमार रजक, रंजन यादव, अशोक कुमार गुप्ता, मथुरा सोनी, पप्पू सोनी, विनोद कुमार साव, सुरेश यादव, सरयू साव, नारायण साव, अजय सोनी, सुनील मोदी, पंकज कुमार, संजीत कुमार, महादेव प्रसाद, बिट्टू मोदी, गोलू मोदी,रामजी मंडल, चंदन मोदी, मुकेश मंडल, मोनू मंडल, सुजीत विश्वकर्मा, पुजारी आनन्द पांडेय, शम्भू यादव, अनिल वर्णवाल, रूपेश गुप्ता, अमित अग्रहरी, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

## समाजसेवी रीतलाल प्रसाद ने सलैया पंचायत से मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

### निःस्वार्थ भावना से मदद और सुख दुःख में जनता के साथ रहूंगा :रीतलाल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

सलैया पंचायत से युवा, शिक्षित, कर्मठ, जुझारू सह समाजसेवी रीतलाल प्रसाद पिता स्व सहदेव महतो ग्राम बरवां निवासी ने सलैया पंचायत से मुखिया पद से चुनाव लड़ने की घोषणा किये रीतलाल प्रसाद ने बताया की पंचायत के विकास के नाम पर सिर्फ कागजी कारवाई हुई है। यदि जनता मौका देती है तो पंचायत के लोगो को सबसे पहले हक और अधिकार दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा



रीतलाल प्रसाद

जिन लोगों का राशन कार्ड में नाम छूट गया है उसका राशन कार्ड बनाया जाएगा। घर घर में शौचालय निर्माण किया जाएगा। जिन ग्रामीणों का नाम का वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन नहीं हो पाया है उन्हें पहले प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही सलैया पंचायत के हर गांव मोहल्ले में बिना भेदभाव के सड़क किनारे नाली की निर्माण, पंचायत के सभी गलियों में पीसीसी रोड निर्माण, कच्चा मकान वालों को पीएम आवास हर लाभुकों को दिलाने का कार्य करेंगे। पेयजल एवं शिक्षा से संबंधित समस्या दूर की जाएगी। साथ ही कहा समाज मे निःस्वार्थ भावना से कार्य करूंगा और जनता के हर सुख दुःख में साथ रहूंगा।

## खोड़ाहर पंचायत से समाजसेवी रोहित यादव की पत्नी सोनी कुमारी ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

### लोगों का साथ मिला तो करूँगी पंचायत का चहुँमुखी विकास : सोनी कुमारी

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के युवा समाजसेवी रोहित कुमार यादव की पत्नी सोनी कुमारी ने खोड़ाहर पंचायत से मुखिया पद के दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमारा पंचायत का दुर्भाग्य है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों ने पंचायत में विकाश



सोनी कुमारी

के नाम पर अपना झोली भरने का काम किया है। मुखिया उम्मीदवार सोनी कुमारी ने पंचायतवासियों से अपील किया है, कि एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं अपने पंचायत में शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में विकाश का कार्य कर सकूं।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार,

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरियठ्ा उच्च विद्यालय का मनाया गया 23 स्थापना दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### शिक्षा ही सफलता की कुंजी है शिक्षा पर जोर देना होगा : मनोज यादव

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड़ के बरसोत पंचायत अंतर्गत बारियठा में संचालित बारियठा उच्च विद्यालय का गुरुवार को 23 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव, बरही पूर्वी के जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घटान किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ने के कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है,। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। बारियठा उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य राजदेव कुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सभी विशिष्ट अतिथि को विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मा. नित किया गया । विद्यालय के बच्चो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता को लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर नाटक प्रस्तुत किया, जिससे सभी लोगो के आंखे नम हो गई। अंत में विदाई सह सम्मान समारोह किया गया जिसमें प्राचार्य रा. जदेव कुमार का सरकारी स्कूल में चयन हो जाने के कारण पूर्व विधायक ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर समान्नित किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार, सुलेमान अंसारी, भूपेंद्र यादव, युवा नेता मुकेश कुमार, केदार राणा, रामलखन यादव, सुजीत प्रसाद, रंजीत यादव, संजय पांडेय, राजदेव प्रसाद, दौलत यादव, राजेन्द्र ठाकुर, बा. सुदेव यादव, छत्रु यादव, अमित कुमार गौरव, बसन्त यादव, इन्द्रदीव यादव, लखन यादव, भिखी यादव सहित विद्यालय के बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व विधायक एव अन्य



बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर नाटक प्रस्तुत करती बच्चीयां

## फाइनल मैच में बेन्दगी ने पुरहरा को हराकर फुटबॉल टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

शक्ति क्लब पुरहरा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच बुधवार को रसोईया धमना पंचायत अंतर्गत पुरहरा गांव के खेल मैदान खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जिला परिषद उम्मीदवार बद्री यादव, सामाजिक कार्यकर्ता तपेश्वर साव, भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता ने मैच का उद्घाटन किया । फाइनल मैच मेजबान पुरहरा बनाम बेन्दगी टीम के बीच खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा । जिसमे प्लेनटी शूट आउट के माध्यम से बेन्दगी के टीम ने फाइनल मैच जीत कर टूनामेंट पर कब्जा किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मैडल पहना कर एवं ट्र०फी देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा खेलो में सबसे लोकप्रिय खेल फुटब०ल है , जिसे देखने मे दर्शकों का रोमांच चरम पर होता है । वही खेल से खिलाड़ियो का शरीर, मन मस्तिष्क तेज होता है। मौके पर समाजसेवी सीताराम यादव, नागेश्वर यादव, जुगल यादव, किशोर राणा, भूपेंद्र यादव, किशोर राणा, पुनीत माहतो, दिलीप यादव, पुनीत महतो, विजय यादव, महेंद्र यादव, जीतन यादव, विकास यादव, राजदेव यादव, अनुज यादव, अविनाश यादव आदि मौजूद रहे।


विजेता टीम को पुरूस्कृत करते पुर्व विधायक

## कोडरमा पुलिस लाइन में मनाया गया शहीद संस्मरण दिवस, पुष्प अर्पित कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः चॅदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा स्थित कोडरमा पुलिस लाइन में संस्मरण दिवस पर गुरुवार को पुलिस लाइन में एसपी कुमार गौरव ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले कोडरमा सहित झारखंड के वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि 21 अक. टूबर को पुलिस स्मरण दिवस को शहीदों की याद में स्मरण दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष में आज पुलिस केंद्र कोडरमा के चंदवारा में शहीदों को सलामी दी गई, और 2 मिनट का मौन रखाकर शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित किया गया।



शहिदों को श्रद्धांजली देते जवान

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---22.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः--कृष्ण पक्ष
तिथिः---द्वितीया तिथि
दिनः--शुक्रवार
नक्षत्रः---भरणी नक्षत्र
योगः--सिद्धि
करणः---तै
सूर्योदय :--प्रातः 06:21
सूर्यास्त : संध्या 05:39
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज सिद्धी कुंजिका स्तोत्र का पाठ करने से भौतिक सुखों में वृद्धि होता है।



आलेखः---
संदीप शर्मा
वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,


सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत
आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।


निवेदिका :- कैशर प्रवीण

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण भाग दो से भावी जीप उम्मीदवार मनोज सिंह ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान, मांगा जनसमर्थन

### सभी वर्गो का मिल रहा जनसमर्थन, युवाओ का मिल रहा साथ : मनोज सिंह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


जनसंपर्क अभियान चलाते मनोज सिंह

जिला परिषद भाग दो से भावी उम्मीदवार मनोज सिंह ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायत के लिए जनसंपर्क अभियान की शुरुवात दिया है। जनसम्पर्क अभियान की शुरुवात करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि मेरी उम्मीदवारी से लोगों में खुशी का माहौल है। जनसम्पर्क के दौरान मुझे सभी वर्गो, सभी जाति समुदाय के ला. ेगों का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है खासकर युवाओ में उत्साह का माहौल है। मनोज सिंह ने बताया कि शुरू से मुझे समाजसेवा का शौक रहा है और अगर जनता मुझे एक बार मौका देती है तो अपने जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायतो में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराऊंगा। सभी पंचायतो को म०डल पंचायत के रूप में विकसित करते हुए रोजगार का अवसर प्रदान करूँगा। इस दौरान मनोज सिंह ने बेहरा पंचायत के बेहरा, पूर्णाडीहबेहरा, चक ,बराडीह ,नगवां, जोकट, गोसला, नवडिहा, कोइली खूर्द, महूदी, बारा, का दौरा कर लोगों से अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगा प्रमोद सिंह, उपेंद्र साव, सुरजदेव प्रसाद, मदन साव, रामोतार पांडे, राधिका सिंह, राम नारायण साव, गोबिंद भुइयां, शिव शंकर पासवान, बंटी कुमार, गोपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रोहन साव, सचिन पांडे, शिव शंकर पांडे, श्याम लाल, भुइयां, सर्वोत्तम पांडे, आनंद सिंह सहित लोग उपस्थित हुए। एक सवाल के जवाब में मनोज सिंह ने कहा कि मैं किसी को अपना विरोधी उम्मीदवार नही मानता सबको हक व अधिकार है चुनाव लड़ने का। कहा मैं अपने मुद्दों पर जनता के बीच जा रहा हूँ और जनता को अपने संकल्पों से अवगत करवा रहा हूँ। कहा मुझे उम्मीद है कि इस बार जनता परिवर्तन के मूड में है और परिस्थिति मेरे अनुकूल रहेगी। कहा सभी पंचायत के हरेक घर गाँव घूमूंगा व जनता से मिल कर अपनी बात रखूँगा।

## झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक, प्रखंड परिसर में फैली गंदगी को लेकर चर्चा

### बीडीओ सह सीओ को ज्ञापन देकर की सफाई की मांग

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते बुद्धिजीवी मंच के लोग

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज बुद्धिजीवी मंच की बैठक बुद्धिजीवी मंच कार्यालय में हुई । अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया । इस बैठक में प्रखंड परिसर में फैली झाड़ियां एवं गंदगी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की प्रखंड परिसर में फैली गंदगी को हटवाना जरूरी है । साथ ही प्रखंड परिसर में बनी हुई सार्वजनिक शौचालय को चालू कराना है । इस बाबत बैठक के बाद बुद्धिजीवी मंच का एक प्रति. निधि मंडल बीडीओ सह सीओ अरविंद देवासीष टोप्पो से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से पेंशनर समाज के लोगों ने बताया कि प्रखंड परिसर में गंदगी का अंबार है। बुद्धिजीवी मंच कार्यालय, स्वामी विवेकानंद सह सर्वजनिक पुस्तकालय एवं टाउन हॉल के आसपास झाड़ी, गंदगी एवं कचरा का अंबार है। जिसके कारण पूरा परिसर बिल्कुल ही खराब स्थिति में है । इसे हर हालत में साफ करना जरूरी है । मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने बीडीओ को बताया कि प्रखंड परिसर में 4 साल पहले ही एक शौचालय बनाया गया है । लेकिन अब तक इसे चालू नहीं कराया जा सका है ।। जिसके कारण बाहर से आए लोग परिसर में ही खुले में शौच कर देते हैं । इस वजह से गंदगी बढ़ रही है और गंदगी बढ़ने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। विषधर सर्प का विचरण भी देखा जा रहा है। इससे सर्पदंश की खतरा बनी रहती है। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से अविलंब प्रखंड परिसर की सफाई एवं सार्वजनिक शौचालय को चालू कराने की मांग की है। मौके ईशो सिंह, जगनारायण प्रसाद, महेंद्र प्रसाद दुबे, नकुलदेव राणा, रामेश्वर यादव, रामप्रसाद राम, जानकी ठाकुर, घमन यादव, कैलाशपति सिंह, साधु शरण दास, कृष्णा कुमार गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चक्रीय आरक्षण की हो व्यवस्था : बिरजू पासवान

### सामाजिक कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की आरक्षण में चक्रीय व्यवस्था की मांग

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


बिरजु पासवान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जारी आरक्षण रोस्टर को गलत बताते हुए कोल्हुवाकला के सामाजिक कार्यकर्ता बिरजू पासवान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चक्रीय आरक्षण व्यवस्था को लागू करने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि जब से त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत झारखंड में पंचायत चुनाव हुए है। तब से प्रायः यह देख गया है कि जिस पंचायत को जिस एक वर्ग के लिए आरक्षित किया गया उसी पंचायत को उसी वर्ग के लिए लगातार दूसरी से तीसरी बार आरक्षण की सुविधा प्राप्त हुआ है। बाकी वर्गो को चुनावी प्रक्रिया से वंचित रखा गया। उदाहरण स्वरूप हज़ारीबाग़ जिला के बरही प्रखंड के कोल्हुकला पंचायत को लगातार तीसरी बार पिछड़ी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। ठीक उसी प्रकार बरही प्रखण्ड के डपोक पंचायत को अनुसूचित जाति वर्ग के लिए तीसरी बार लगातार आरक्षित किया गया। ठीक उसी प्रकार बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत को लगातार तीन बार 2010, 2015 और 2021 अनारक्षित रखा गया। कहने का तात्पर्य यह है कि एक पंचायत को एक वर्ग के लिए बार बार आरक्षण देना उस पंचायत में रहने वाले दूसरे वर्ग के लोगो का लो. कतांत्रिक अधिकार का हनन है। वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर दूसरे को निर्वाचित कर सकते है। लेकिन स्वयं अभ्यर्थी नही बन सकते। इस प्रकार की समस्याओं को किसी एक पंचायत एक प्रखंड या एक जिले की नही है बल्कि पूरे झारखंड की समस्या है। बिरजू पासवान ने मांग किया कि आरक्षण की व्यवस्था चक्रीय हो। ताकि सभी पंचायतों के सभी वर्गो को बारी बारी से आरक्षण व्यवस्था का लाभ मिल सके, और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का मूल्यों का हनन होने से रोका जा सके।

## आर्य कर्ण निधि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच चुरचू एवं छवनिया के बीच कल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के अंतर्गत खेले जा रहे हैं आर्य कर्ण प्रीमीयर क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच गुरुवार को खेला गया। जिसमें पहले सेमीफाइनल मैच में चूरचू ने सोनबरसा वारियर्स क्रिकेट टीम को हराया , दूसरे सेमीफाइनल में छवनिया ने सोनबरसा स्टार इलेवन क्रिकेट टीम को हराया। फाइनल में चुरचू बनाम छवनिया के बीच 23 अक्टूबर को 10:00 बजे से खेला जाएगा। उक्त आशय की जानकारी सरोज सोनी ने दी है।










डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार,

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

**राजनीतिक**

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

**सामाजिक**

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिंगेशन की व्यवस्था करना ।
10. कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..




बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादुन्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बीच जंगल में युवती का लटका मिला शव

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**

चुरचू प्रखण्ड के अंतर्गत चारखुटवा निवासी सोनाराम मांझी की पुत्री रूपा टुडू के शव को पेड़ पर मिला लटका, गांव में माची खालबाली। बताया जाता है कि सोनाराम मांझी की पुत्री रूपा टुडू और दारू प्रखण्ड अंतर्गत आकाकुंबा (रोहोड़गडा) निवासी बाबुराम सोरेन के साथ लग भग दो वर्षो से प्रेम प्रसंग का चक्कर चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी और प्रे. मिका दोनों ही दशाहरा व दुर्गा पूजा के करीब घर से कहीं ओर भगा था, जबकि युवक पहले से ही शादी शुदा है और उनके तीन बच्चे भी बताया जा रहा है। बताया जा


युवती का लटका शव

रहा है कि घर वापसी के बाद बुधवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा युवती का शव रामदगा और आकाकुबा गांव के बी. चों-बीच जंगल में पेड़ पर लटका मिला। युवक पहले से ही शादी शुदा है और उनके तीन बच्चे भी बताया जा रहा है। इधर युवती कुंवारी बताया जा रहा है।

## टाटीझरिया प्रखंड भाजपा किसान मोर्चा कमेटी का विस्तार

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**


कमेटी का विस्तार करते

भाजपा किसान मोर्चा टाटीझरिया के प्रखंड अध्यक्ष जीतन यादव ने गुरूवार को जिलाध्यक्ष अशोक यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन रंजन दूबे और प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव के निर्देशानुसार प्रखंड कमेटी का विस्तार किया है। विस्तारित कमेटी में बैजू सिंह, दुर्गा प्रसाद, रामप्रसाद कुशवाहा को उपाध्यक्ष, जयप्रकाश ठाकुर, संतोष कुमार को महामंत्री, सुरेंद्र राणा, नारायण यादव, शंभू प्रसाद को मंत्री, मनीष यादव को कोषाध्यक्ष, ज्योतिष पंडा, कृष्णा प्रसाद को मीडिया प्रभारी, श्याम कुमार साव, रंजीत कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी, जनार्दन शर्मा, मुकेश कुमार को आईटी सेल, भोला शर्मा, जगदेव मंडल को समन्वयक बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में जनार्दन विश्वकर्मा, विनोद महतो, गोविंद कुमार, सीताराम महतो, मिथिलेश कुमार, उमेश प्रसाद, चिंतामण ठाकुर, बालदेव कुमार, प्रभु यादव, धनंजय कुमार, सुरेश प्रसाद को रखा गया है।

## विधायक ने किया डाड़ी प्रखण्ड में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**

चुरचू प्रखण्ड के चरही कोयलांचल समीप डाड़ी प्रखंड है। जहां डाड़ी प्रखण्ड के चार पंचायतों में मांडू विधानसभा विद्यायक जयप्रकाश भाई पटेल के सौजन्य से विभिन्न योजनाएं का उद्घघाटन एंव शिलान्यास किया गया। जिसमें बलसगरा पंचायत में विधायक मद से पीसीसी पथ निर्माण का उद्घघाटन, होन्ह. मोढा पंचायत के बडकी टांड में पीसीसी पथ निर्माण का उद्घघाटन, कंनकी पंचायत में आंगनबाडी का उद्घघाटन एंव मिश्राईन मोढा पंचायत के रिकवा गांव में कालीकरण रोड का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम में श्री विधायक ने लोगों से जनसंवासद कार्यक्रम के मध्याम से कहा मुख्य रूप से हजारीबाग जिला कि हम मांडू विधानसभा के सभी गांवों में विकाश का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मंत्री सेवालाल महतो, डाड़ी मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो, मांडू मंडल अध्यक्ष तो.



विकास योजना का शिलान्यास करते जेपी पटेल

केश सिंह, भाजपा नेता अनिल राय, हुकुमनाथ महतो, मांडू मंडल महामंत्री बालेश्नर महतो, डाड़ी महामंत्री गुलचंद महतो, सर्वेश सिंह, जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, भा. जपा महिला मोर्चा अध्यक्षा रीमा कुमारी, कंनकी पंचायत मुखिया प्रमोद कुमार महतो, भाजपा नेता कुमेश्वर महतो, नंदकुमार महतो, प्रितलाल महतो, अमृत महतो, सुदीप चौधरी, सुरेश केशरी, सुदय महतो, धानेश्वर महतो, हसैनन आंसरी, तुलसी महतो, जगदीश महतो, नंदकिशोर महतो, रतिलाल मरांडी, सुरेश महतो, भोला महतो, खेमलाल यादव, पिंटू साव, विक्रम महतो,केतर महतो, सुर्दशन महतो, नकुल महतो सहित काफी संख्या में महिलाएं व पूरूष मौजूद थे।

## पांच सूत्री मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओ ने समाहरणालय के समक्ष की धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

झारखंड राज्य अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका सह पोषण सखी कर्मचारी संघ के आह्वान पर कोडरमा और गिरिडीह की सेविकाओं ने समाहरणालय के समक्ष 5 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया। से. विकाओं ने बताया कि झारखंड के छह जिला गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, धनबाद, दुमका और गोड्डा जिले के सभी विधायक और डीसी को पूर्व में ही पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। मांग पत्र में पोषण सखी का मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए न्यूनतम मजदूरी भुगतान करना, पोषण सखी का विभागीय नियमावली बनाना, वर्ष, 2018 एवं


धरना प्रदर्शन करती अतिरिक्त आंगनबाडी केंद्र की सेविकाओं

2019 में संपन्न हड़ताल का बकाया मानदेय का भुगतान करना, आंगनबाड़ी सेविका के समान बीमा एवं अवकाश की सुविधा देना, वरीयता के आधार पर उच्च पदों पर प्रोन्नति देना एवं ड्रेस कोड लागू करते हुए पूर्ण सरकारी सेवक घोषित करना आदि मांग किया गया है। . पोषण सखी सोनी शर्मा ने कहा कि वेतन नहीं मिलने से सभी पोषण सखी काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा में वेतन मिलने की उम्मीद थी। लेकिन वेतन नहीं मिला, अब दीपावली और छठ पर्व आने वाला है, इसमें वेतन नहीं मिलेगा तो पर्व कैसे मनाएंगे।

## महुदी में महावीर मंडप एवं सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन

### ग्रामीण अपना जमीन देकर निजी खर्च से करेंगे निर्माण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


भूमि पूजन में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के कांड. तरी पंचायत अंतर्गत महूदी राणा टोला में महावीर मंडप निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया।महावीर मंडप निर्माण बंधु प्रजापति अपना जमीन दान किया एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भागेश्वर राणा अपना जमीन समाज के नाम से दान किया। ग्रामीण अपने निजी खर्च से सामुदायिक भवन एवं मंडप का निर्माण करेंगे। मौके पर रविकांत महतो, सीतारामराणा,बासुदेव महतो,सुखदेव राणा, राज. कुमार राणा, सुखदेव राणा, राजकुमार ठाकुर, छात्रधारी राणा, रतन राणा, दर्शन राणा, प्रेम कुमार राणा, त्रिभुवन महतो, द्वारिका महतो, मनोज राणा, सुधीर राणा, महिपाल राणा, राजेंद्र, बंधु प्रजापति, तारकेश्वर प्रजापति, अलावा समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## 11 हजार वोल्ट बिजली तार के चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्चा घायल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

हरली पंचायत अंतर्गत नागदेवतरी पुल के समीप इमली तोड़ने गया बादम निवासी मो. हम्मद आलम का 12 वर्षीय पुत्र मो. हम्मद अरबाज 30 फीट ऊंची इमली पेड़ से सटे 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जाता है कि बच्या इमली तोड़ने के लिए पेड़ में चढ़ा हुआ था तभी बालक 11 हजार बोल्ट बिजली तार के चपेट में आ


घायल बच्चा

गया। जिससे 30 फिट की ऊंचाई से जमीन पर गिर गया। उपस्थित ग्रामीणों ने अरबाज के परिजनों को खबर किया। घायल अरबाज को इलाज के लिए परिजन बड़कागांव साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

## मेंस पार्लर में ताला तोड़कर चोरी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के चलनियां स्थित स्काई ब्लू मेंस पार्लर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली। पार्लर संचालक विष्णुगढ़ के बौलियागंज निवासी रवि शर्मा ने बताया कि गुरूवार बंदी की वजह से दिन भर पार्लर बंद रहने के बाद गुरूवार की शाम जब पार्लर की ओर गए तो पार्लर का ताला टूटा हुआ पाया। चोरों ने पार्लर में रखे नकदी लगभग डेढ़ हजार रूपए के अलावा तीन कटिंग मशीन, एक मसाज मशीन, एक होम थियेटर समेत अन्य कई महंगे सामानों की चोरी कर ली है। पार्लर से करीब 15 हजार रूपए के सामान की चोरी का संचालक ने दावा किया है। फिलहाल पार्लर संचालक ने इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी है।


चोरी के बाद स्थिति

## पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

चंदौल पंचायत के भण्डारबागी मैदान में बबिता कुमारी पति विनोद यादव संभावित मुखिया प्रत्यासी उम्मीदवार की ओर से पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच पुंदौल बनाम महुगाई खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें महुगाई खुर्द की टीम ने पुंदौल की टीम को 65 रनों से हराया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विनोद यादव ने कहा कि चंदौल पंचायत में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हमेशा खेल करवाया जाता है जिसमें बहुत से खिलाड़ी निखर कर आते हैं और उन्हें बाहर खेलने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मुखिया बढ़ो सिंह, दिनेश्वर पासवान, सुरेश चौधरी, समाजसेवी अवधेश सिंह,प्रभु यादव, पूर्व पंचायत समिति कृष्णा राम (जुगरा), रोहित शर्मा,महेंद्र यादव , मो.कलाम, मो. शमशेर अंसारी, नौशाद खलीफा, उमेश राम, विकाश पांडेय, अतामूल हक, रवि पासवान, कन्हैया प्रजापति,नरेश यादव, सागर यादव, संतोष रजवार, संजय यादव, दशरथ महतो, पंकज महतो, संतोष राणा, रंजीत यादव, बैजू यादव, नंदकिशोर यादव, भीम प्रसाद, भोला राम इत्यादि मौजूद रहे।


विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**
**संपर्क-9431129570**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार,

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## वार्ड सदस्य, उपमुखिया बनने के लिए जंग में होगा गहमागहमी, प्रखंड के 97 वार्ड सदस्य चुनेंगे 8 उपमुखिया

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**

**राजू यादव**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के लिए चुनाव लडने के लिए एक के बाद एक दावेदार घोषणा कर रहे हैं। इस बार वार्डसदस्य, उपमुखिया के चुनाव में भी काफी रोचकता होने का आसार है। टाटीझरिया प्रखंड के कुल 97 वार्ड जिसमें खैरा पंचायत के 11, झरपो पंचायत के 12, भराजो पंचायत के 12, डहरभंगा पंचायत के 12, धरमपुर पंचायत के 13, डुमर पंचायत के 15, टाटीझरिया पंचायत के 13 और बेडम पंचायत के 9 वार्ड से जीतकर आनेवाले सदस्य अपने-अपने पंचायत के लिए उपमुखिया का चयन करेंगे। टाटीझरिया प्रखंड के विभिन्न वार्डों का आरक्षण इस प्रकार है

**खैरा पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अजा महिला, वार्ड 6 अजजा महिला, वार्ड 7 अजजा अन्य, वार्ड 8 अजा अन्य, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 ओबीसी महिला, वार्ड 11 अनारक्षित महिला।

**झरपो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अजा महिला, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 ओबीसी अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 ओबीसी महिला, वार्ड 8 ओबीसी महिला, वार्ड 9 ओबीसी अन्य, वार्ड 10 अजा अन्य, वार्ड 11 अनारक्षित महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य।

**भराजो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 ओबीसी अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अजा महिला, वार्ड 6 अजा महिला, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अनारक्षित महिला, वार्ड 10 अजा अन्य, वार्ड 11 ओबीसी महिला, वार्ड 12 ओबीसी महिला।

**डहरभंगा पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 ओबीसी अन्य, वार्ड 4 ओबीसी महिला, वार्ड 5 ओबीसी महिला, वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 अनारक्षित अन्य, वार्ड 8 ओबीसी महिला, वार्ड 9 अनारक्षित महिला, वार्ड 10 अजा महिला, वार्ड 11 ओबीसी अन्य, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य।

**धरमपुर पंचायत**

वार्ड 1 अजजा महिला, वार्ड 2 ओबीसी महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अजा अन्य, वार्ड 5 ओबीसी अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 अनारक्षित अन्य, वार्ड 8 अजा महिला, वार्ड 9 अनारक्षित महिला, वार्ड 10 अजा महिला, वार्ड 11 अनारक्षित अन्य, वार्ड 12 अनारक्षित महिला, वार्ड 13 अनारक्षित महिला।

**डुमर पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अजा महिला, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अजा महिला, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अजजा महिला, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 ओबीसी महिला, वार्ड 11 ओबीसी अन्य, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य, वार्ड 13 अजा अन्य, वार्ड 14 अजजा अन्य, वार्ड 15 अनारक्षित अन्य।

**टाटीझरिया पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 अनारक्षित अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अनारक्षित अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अजा महिला, वार्ड 8 अनारक्षित महिला, वार्ड 9 अजजा अन्य, वार्ड 10 अजजा महिला, वार्ड 11 अजजा महिला, वार्ड 12 अजा महिला, वार्ड 13 अजा अन्य।

**बेडम पंचायत**

वार्ड 1 अजजा अन्य, वार्ड 2 अजा महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अजजा महिला, वार्ड 5

## स्वरोजगार के लिए शिक्षा के साथ हुनर भी है जरूरी : अजय नारायण प्रसाद

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



सिलाई बुनाई कढाई सेंटर का उद्घाटन करते अजय नारायण प्रसाद

प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत न्यू बर टोला जनता जागृति विकास केंद्र शिवाडीह में निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई, बुनाई सेंटर का उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा मुर्मू एवं संचालन केंद्रीय सचिव जितेंद्र सोरेन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद ने कहा कि जनता जागृति विकास केंद्र सोसाइटी के द्वारा महिला एवं पुरुष दोनों के लिए समूह चलाया जाता है।सिलाई सेंटर में कुशल प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने रोजगार के तरीके को विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यार्थियों को संस्था प्रमाण पत्र एवं मशीन उपलब्ध कराएगी।इसमें मुख्य रूप से सिलाई कढ़ाई बुनाई के साथ-साथ एग्रीकल्चर,पशुपालन अगरबत्ती,मोमबत्ती, साबुन आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस संस्था से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का आग्रह भी किया। संस्था में जुड़ने पर रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ आर्थिक समस्या का समाधान किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि संस्था के द्वारा 5 एकड़ 12 डिसमिल जमीन खरीद कर उसमें स्कूल, हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि 2022 में उद्घाटन होगा।साथी ही साथ नशा का बहिष्कार भी करने को लेकर लोगों को प्रेरित किया। आगे कहा कि बच्चों महिलाओं एवं युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है प्रतिभा को निकालकर राज्य और देश स्तर के लायक बनाना ही इस संस्था का उद्देश्य है।शिक्षा के साथ-साथ हुनर अति आवश्यक है । राज्य सरकार पलायन रोकने का हर संभव प्रयास कर रही है। यहां से दूसरे राज्य कार्य करने जाए तो आईएस - आईपीएस , डॉक्टर इंजीनियर बनकर जाएँ।प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार ,पूंजी एवं मार्केटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ करना भी इस संस्था का उद्देश्य है। संस्था के गरीब अमीर सभी लोग सदस्य बन सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद,केंद्रीय सचिव जितेंद्र सोरेण, उपाध्यक्ष गीता देवी, रांची प्रमंडल महावीर महतो,शाखा प्रबंधक दीवानी प्रजापति,उदन मांझी, आरती देवी, दुर्गा मुर्मू ,कांति देवी, मुनिया देवी,ललिता हंसदा, कर्मी देवी,मुन्नी कुमारी, अनिता देवी शुकर मुनी देवी आदि उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोक अदालत के तहत ऋण वसूली शिविर का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




लोक अदालत में पहुंचे फरियादी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत हजारीबाग के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव और बादम शाखा के ऋण धारकों के सुविधा हेतु ऋण वसूली शिविर का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर बड़कागांव में किया गया। बैंक अॉफ इंडिया के एलडीएम सुधाकर पांडेय की उपस्तिथि में उनके सहयोगियों एवं बैंक कर्मियों के द्वारा ऋण धारकों से कम से कम राशि में ऋण वसूली किया गया। लोक अदालत में कुल 54 मामलों का समझौता किया गया। 55.21लाख बकाया राशि थी। मौके पर मुख्य रूप से अशोक कुमार पाठक, कुमार रंजन, दीपक कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, मो परवेज आदि उपस्थित थे।

## बाइक चुराकर बोकारो की ओर बेचने जा रहे चोर धराए

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**




पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया बाइक चोर

बाइक की चोरी कर बोकारो बेचने ले जा रहे चोर विष्णुगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार चोर हजारीबाग के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत बभनवै निवासी विपुल कुमार सिंह पिता सुधीर सिंह के पास चोरी किया गया एक पीला रंग का टीवीएस अपाची बाइक (केए40एल 4274) बरामद किया गया। उसके खिलाफ थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि हजारीबाग एसपी के निर्देश पर बुधवार की शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इसी के आलोक में विष्णुगढ़ हजारीबाग रोड एनएच 100 पर आठमील मोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान हजारीबाग की ओर से एक बाइक पर सवार दो लोग तेजी से आते दिखे। चेकिंग टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर दोनों युवक सड़क पर बाइक पटक कर भागने लगे। जिसमें एक युवक को टीम ने खदेड़कर पकड़ लिया, जबकि एक भागने में सफल रहा। पकड़ाए युवक ने बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उक्त बाइक चोरी का जो दोस्त के साथ मिलकर मुकुन्दगंज से चोरी कर बोकारो की ओर बेचने के लिए ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## समाजसेवी मुखिया उम्मीदवार मो असगर इमाम ने शुरू किया जनसंपर्क

**अपेम लाइव : धनवार**

**गिरिडीह**

**मो शाहिद अंसारी**



जनसंपर्क करते मो असगर इमाम

धनवार प्रखंड के करगालीखुर्द के मुखिया उम्मीदवार के रूप में पूर्व मुखिया सदस्य मो असगर इमाम ने कहा कि इस बार पंचायती चुनाव अवश्य लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इसलिए वे पंचायत में लगातार 5 पांच वर्षो से पंचायत में समाजसेवी के रूप कार्य कर रहे है और दुर्गा पूजा से जनसंपर्क अभियान चला रखे है । उन्होंने एक बैठक के दौरान कहा कि 5 साल पूर्व इस पंचायत का पूर्व मुखिया मो असगर इमाम का कार्यकाल बेहतर रहा है, जिसे आज भी पंचायत वासियों ने जनसंपर्क के दौरान दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने का आग्रह किया है । जिसके बाद यह निर्णय लेकर जनसंपर्क में जुट गए है और उमीद है इस बार पंचायत वासियों ने मुझे मुखिया पद के लिए जीत की मुहिम को सफल बनाएंगे । मुखिया मो असगर इमाम ने जनता को आश्वासन दिया कि इस बार पंचायत के विकास के लिए बेहतर कार्य करेंगें।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार,